| दिनांक 23.10.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद प्रतापगढ़/थाना कोतवाली नगर

### • 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार

दिनॉकः 22.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पूरे ईश्वरनाथ चकबनतोड़ से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अरून को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरून निवासी कंसा पट्टी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।

## जनपद अयोध्या/थाना महराजगंज

### • 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार

दिनॉकः 22.10.2025 को थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नहर पुलिया के पास मुख्य मार्ग ग्राम बनगवा से पुरस्कार घोषित अभियुक्त पौवा उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद अयोध्या से वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अयोध्या के

विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना महराजगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– पौवा उर्फ राकेश निवासी ग्राम बनगवा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या।

**जनपद पीलीभीत/थाना पूरनपुर**

**● 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

**● लूट का पीली धातु का आभूषण**

**● घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 23.10.2025 को थाना पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त सन्तराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट का पीली धातु का आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाश द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पूरनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–सन्तराम निवासी ग्राम चन्दोखा अजीतपुर बिल्हा घुंघुचाई जनपद पीलीभीत।

**बरामदगी**

1–लूट का पीली धातु का आभूषण।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

**जनपद शामली/थाना कांधला/थाना झिंझाना**

**• 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• चोरी की 26 दो पहिया वाहन**

**• 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 22.10.2025 को थाना कांधला व थाना झिंझाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार भिन्न–भिन्न स्थानों थाना कांधला क्षेत्र से 02 अभियुक्त 1–कैफ 2–शोएब व थाना झिंझाना क्षेत्र से अभियुक्त 3–रोहित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से थाना कांधला से 21 व थाना झिंझाना से 05 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शोएब के विरूद्ध जनपद शामली के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कांधला व थाना झिंझाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कैफ निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

2–शोएब निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

3–रोहित निवासी ग्राम टोड़ा थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 26 दो पहिया वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

——————